प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.01.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के नागांव जिले के कलियाबोर में काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना का भूमि पूजन किया। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा असम को दो अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की भी सौगात दी। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने विकास के साथ विरासत की प्रतिबद्धता दोहरायी। श्री मोदी ने घुसपैठ और नकारात्मक राजनीति पर कांग्रेस को घेरा।

****

राज्य में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सतत प्रयास में जुटे हैं। इन दिनों वे स्विट्जरलैंड के दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहली बार राज्य का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भाग लेगा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने इंडियन पवेलियन परिसर स्थित झारखंड पवेलियन का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक कल से शुरू हो रही है, जो 23 जनवरी तक चलेगी। स्विट्जरलैंड के बाद मुख्यमंत्री यूके का दौरा करेंगे।

****

पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव के तेवर राज्य सरकार के कामकाज को लेकर सख्त दिख रहे हैं। उन्होंने राज्य में आदिवासियों की जमीन लूट पर चिंता जताते हुए कहा है कि सरकार को इनकी देखरेख करनी चाहिए। श्री उरांव ने खूंटी में दिवंगत सोमा मुंडा के परिजनों से मुलाकात की और ढाढ़स बंधाया। पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद जमीन की लूट में बढ़ोत्तरी हुई है। आदिवासी समाज जमीन बचाने में लगा हुआ है। इसी कोशिश में जुटे सोमा मुंडा की हत्या कर दी गयी।

****

उधर गुमला जिले में पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या के आरोप में गिरफ्तार लाल देवब्रत नाथ शाहदेव की गिरफ़्तारी के विरोध में आज पालकोट प्रखण्ड मुख्यालय को लोगों ने बंद रखा। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बंद समर्थकों ने श्री शाहदेव को शीघ्र रिहा करने की मांग की।

****

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए जल्द प्रक्रिया शुरू होनेवाली है। गुमला के जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि जिले में संचालित विद्यालयों में नामांकन के लिए आगामी आठ मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

****

रांची जिले के मांडर प्रखंड के सरगांव गांव निवासी सरस्वती लकड़ा की सकुशल घर वापसी हो रही है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की पहल पर उसे सकुशल बरामद कर लिया गया है। मानसिक रूप से अस्वस्थ सरस्वती लकड़ा 13 जनवरी से लापता थी। श्रम विभाग और चेन्नई पुलिस की तत्परता से सरस्वती लकड़ा को सकुशल बरामद कर लिया गया है। वह अपने पति के साथ चेन्नई से रवाना हो गयी है।

****

जमशेदपुर में आयोजित होनेवाले विंटर फेस्ट के तहत आज शहर के युवा, बच्चे और बुजुर्ग सड़क पर मौज–मस्ती करते देखे गए। जैम एट स्ट्रीट के तहत आयोजित इस फेस्ट का आयोजन टाटा स्टील के सौजन्य से किया गया।

****

रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में चल रहे फ्लावर शो का आज आखिरी दिन है। प्रकृति प्रेमियों का यहां जुटान देखा जा रहा है। वन विभाग की पहल पर आयोजित इस प्रदर्शनी में तरह–तरह के फूल आगंतुकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। कद्रदान इन फूलों को निहारकर इनकी यादें

बसाये वापस घरों का रूख कर रहे हैं। ऑर्गेनिक उत्पादों में भी लोगों का आकर्षण देखते ही बन रहा है।

****